**Need to improve mobile telecommunication services in Khargon and Barwani districts of Madhya Pradesh-Laid**

श्री गजेन्द्र सिंह पटेल **(खरगौन) :** मैं माननीय दूरसंचार मंत्री जी का ध्यान मध्य प्रदेश के खरगौन और बड़वानी जिलों में दूरसंचार सेवाओं की गंभीर स्थिति की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ । इन दोनों आदिवासी बहुल जिलों में कई दूरसंचार टावर लंबे समय से बंद पड़े हैं, जिससे स्थानीय निवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है । डिजिटल इंडिया के इस युग में भी, खरगौन और बड़वानी के ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में लोग मोबाइल कनेक्टिविटी से वंचित हैं । शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और सरकारी योजनाओं तक पहुंच में यह एक बड़ी बाधा बन गया है । किसानों को मौसम संबंधी जानकारी प्राप्त करने में कठिनाई होती है, वहीं छात्रों को ऑनलाइन कक्षाओं से जुड़ने में समस्या आ रही है । आपातकालीन स्थितियों में भी संचार स्थापित करना मुश्किल हो जाता है । मैं मंत्री जी से आग्रह करता हूँ कि वह इस मामले को गंभीरता से ले और अविलंब इन बंद पड़े दूरसंचार टावरों को पुनः चालू करने के लिए आवश्यक कदम उठाए । साथ ही, भविष्य में ऐसी स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए एक स्थायी समाधान भी सुनिश्चित किया जाए ।